# पेट्रोल में इथेनॉल 10 गुना बढ़ा, किसानों की बढ़ी आय : मोदी

## पीएम ने गुजरात में कहा, आय के वैकल्पिक स्रोतों पर ध्यान देने की रणनीति के दिख रहे परिणाम

**हिम्मतनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते आठ साल में पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण 10 गुना बढ़ा है। वर्ष 2014 से पहले इथेनॉल मिश्रण 40 करोड़ लीटर था, जो अब 400 करोड़ लीटर पहुंच गया है। इससे किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद की है।

पीएम मोदी बृहस्पतिवार को गुजरात के साबरकांठा जिले में साबर डेयरी के विभिन्न प्रोजेक्टों के उद्घाटन के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने कहा, आठ सालों में किसानों की आय बढ़ाने के निरंतर प्रयास अब परिणाम दिखा रहे हैं। पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के फैसले ने किसानों की आय बढ़ाने में मदद की क्योंकि इथेनॉल गन्ने व मक्के जैसे कृषि उत्पादों से तैयार होता है। उन्होंने कहा, कृषि के अलावा पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन और शहद उत्पादन जैसी व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने से भी किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिली। एजेंसी



डेयरी उद्घाटन के बाद बच्चों से मिलते मोदी।

### खादी ग्रामोद्योग कारोबार एक लाख करोड़ के पार

पीएम ने कहा, भूमिहीन व सीमांत किसानों को सबसे अधिक फायदा हुआ। आय के वैकल्पिक स्रोतों पर ध्यान देने की रणनीति के परिणाम दिख रहे हैं। पहली बार, खादी-ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख करोड़ के पार हो गया। आठ सालों में इसने गांवों में 1.5 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया।

- सरकार कृषि लागत को कम करने पर भी काम कर रही है। हम दूसरे देशों से यूरिया आयात करते हैं। वैश्विक कीमतें कई गुना बढ़ी हैं, इसके बावजूद खाद की कीमतें बढ़ाई नहीं गईं।
- सरकार 50 किलो यूरिया के लिए 3500 रुपये चुका रही है लेकिन हम इसे किसानों को मात्र 300 रुपये में बेच रहे हैं।

- **मुर्मू का राष्ट्रपति बनना देश के लिए गौरव :** पीएम ने कहा, पहली बार जनजातीय समाज की द्रौपदी मुर्मू को देश ने राष्ट्रपति बनाया है। ये 130 करोड़ से अधिक भारतवासियों के लिए गौरव का क्षण है।

- **10 हजार किसान उत्पादक संघ :** पीएम ने कहा, देश में 10 हजार किसान उत्पादक संघ यानी एफपीओ बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इनके माध्यम से छोटे किसान फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी, एक्सपोर्ट से जुड़ी वैल्यू और सप्लाई चेन से सीधे जुड़ पाएंगे।